सभी जातियों के लिये | विज्ञप्ति मूल्य -20 रूपये | अन्तिम तिथि : 16 दिसम्बर 2024

निदेशालय चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं, राजस्थान, जयपुर

UNOFFICIAL INSTRUCTIONS FOR CANDIDATE, FOR COMPLETE DETAILS CHECK OFFICIAL NOTIFICATION

रोज़गार सूचनाओं के लिये टेलीग्राम पर सर्च करें @job_education_news

आवेदन पत्र हेतु सबसे विश्वसनीय वेबसाईट www.myserviceworld.com

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

ANM महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण

योग्यता-बारहवीं पास। केवल महिला Offline सीटें-1650

महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। आवश्यक योग्यता शर्तों का विवरण इस प्रकार से है-

शैक्षणिक योग्यता : बारहवीं (सीनियर सैकेण्डरी) पास।

आयु सीमा : 31 दिसम्बर 2024 को 17 से 34 वर्ष के मध्य। एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के आवेदकों को उपरी आयु में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

आरक्षण : ओबीसी के लिये 21 प्रतिशत, एससी के लिये 16 प्रतिशत, एसटी के लिये 12 प्रतिशत, अति पिछडा वर्ग के लिये 5 प्रतिशत तथा आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के लिये 10 प्रतिशत सीटे आरक्षित होंगी। आरक्षण का लाभ केवल राजस्थान राज्य के स्थाई निवासियों के लिये ही होगा। आरक्षण लाभ के लिये जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें। जाति प्रमाण पत्र 1 वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिये। राजस्थान के मूल निवासी आवेदन के साथ अपना मूल निवास प्रमाण पत्र भी संलग्न करें। विधवा, तलाकशुदा, आंगनवाडी कार्यकर्ता, निशक्तजन व विभागीय चतुर्थ श्रेणीं महिला कर्मचारियों को नियमानुसार आरक्षण का लाभ दिया जाएगा।

पाठ्यक्रम अवधि : पाठ्यक्रम की अवधि 2 वर्ष (6 माह इंटर्नशिप सहित) होगी। प्रशिक्षण आरम्भ होने का संभावित माह जनवरी 2025 है।

स्टाईफण्ड : चयनित आवेदकों को नियमानुसार स्टाईफण्ड दिया जाएगा।

आवेदन पत्र: आवेदन पत्र अपने गांव/शहर के फार्म विक्रेता/CSC/E-mitra से प्राप्त करें या विभागीय वेबसाईट या www.myserviceworld.com से डाउनलोड करें।

आवेदन शुल्क : सम्बन्धित **मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी** के नाम 20 रुपये (बीस) का पोस्टल आर्डर संलग्न करें। एससी व एसटी वर्ग के आवेदकों को शुल्क भुगतान में छूट होगी।

प्रवेश क्षमता : कुल 1650 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रत्येक जिले में सीटों का विवरण इस प्रकार से है -

60 सीटे (प्रवेश क्षमता) वाले जिले - अजमेर, नागौर, भरतपुर, जयपुर-प्रथम, कोटा, उदयपुर, जोधपुर व केकडी।

45 सीटे (प्रवेश क्षमता) वाले जिले - भीलवाडा, टोंक, बीकानेर, चुरू, गंगानगर, हनुमानगढ, धोलपुर, करोली, सवाई माधोपुर, अलवर, दौसा, सीकर, झुन्झनु, बूंदी, बारां, झालावाड़, बांसवाड़ा, चितौडगढ़, राजसमन्द, डूंगरपुर, बाडमेर, जैसलमेर, सिरोही, जालौर, पाली, प्रतापगढ़।

आवेदन भेजने का पता : प्रवेश के लिये इच्छुक उम्मीदवारों को अपने आवेदन पत्र संलग्र निर्धारित प्रपत्र में इस प्रकार भेजना होगा कि वह दिनांक 16.12.2024 तक या उससे पहले **सम्बन्धित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जो उस जिले के प्रशिक्षण केन्द्र के प्रभारी हैं,** के पते पर दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों सहित व्यक्तिगत रुप से अथवा साधारण डाक या पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से पंहुच जाये।

आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज:

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियां भेजी जाएं। मूल प्रमाण पत्रों को आवेदन के साथ नहीं भेजना चाहिये।

क) शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र (अंकतालिका/सर्टिफिकेट)
ख) जन्म तिथि का प्रमाण पत्र (दसवीं का प्रमाण पत्र)।
ग) जाति प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि, यदि आरक्षित वर्ग से सम्बन्धित हैं।
घ) मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि।
ड) 20 रुपये का भारतीय पोस्टल आर्डर (यदि लागू हो तो)
च) विकलांगता प्रमाण पत्र, यदि आवेदक एक पैर से विकलांग है।
छ) विधवा या तलाकशुदा होने पर सम्बन्धित प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि।

अन्य सामान्य शर्तें व निर्देश :

1. आवेदन वाले लिफाफे पर **महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 2024-25 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र** तथा अपना जाति / वर्ग अवश्य लिखें।
2. आवेदन में किसी प्रकार की कोई कटिंग या ओवर-राईटिंग न करें।
3. काउंसलिंग के लिये सभी आवेदकों को अपने जोखिम तथा खर्चे पर आना होगा। काउंसलिंग की सूचना विभागीय वेबसाईट तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाएगी। आवेदकों की स्वयं की जिम्मेवारी होगी कि वे काउंसलिंग सूचना के लिये समय-समय पर विभागीय वेबसाईट को चैक करते रहें।
4. चयनित आवेदकों को उनके चयन से सम्बन्धित प्रशिक्षण केन्द्र पर निर्धारित समय सीमा में मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थिति देनी होगी अन्यथा उनका चयन निरस्त समझा जाएगा।
5. आवेदन के सभी कालम स्पष्ट एवं बड़े अक्षरों में साफ सुथरे भरें।
6. इस निर्देश को स्वयं के पास रखें, आवेदन के साथ संलग्न करके न भेजें।

जानकारी के लिये www.rajswasthya nic.in देखें। किसी भी त्रुटि के लिये प्रकाशक या विक्रेता जिम्मेवार नहीं होगा। यद्यपि निर्देश को प्रकाशित करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है तथापि विभाग द्वारा विज्ञापित सूचना को ही अधिकृत व सही समझा जाए। यह विज्ञप्ति केवल आवेदको के सूचनार्थ है, अधिकारिक उपयोग के लिये नहीं। इस विज्ञप्ति के साथ आवेदन पत्र नि:शुल्क उपलब्ध है।

सभी आफलाइन आवेदन पत्र इस वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं
www.myserviceworld.com

ध्यान देवें - सभी ऑफलाइन आवेदन पत्र Download Link व नोटिस, ऑनलाइन आवेदन नोटिफिकेशन व Apply Link तथा हमारे टेलीग्राम व ब्हाट्सअप ग्रुप से जुडने का लिंक वेबसाईट www.myserviceworld.com पर उपलब्ध है। ऑफलाइन आवेदन पत्र या तो अपने निकटतम फार्म विक्रेता से खरीदें या शुल्क भुगतान कर वेबसाइट से डाउनलोड करें।